**Volume No: - 33**
**Year: - 10/ 2025**

# MONTHLY REPORT OCTOBER 2025

**-: PREPARED BY: -**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो
NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU
(GOVT. REGD. 483/2017, INCORPORATED UNDER THE LEGISLATION OF GOVT. OF INDIA, I.T.A. - 1882)
REGD. NITI AAYOG (GOVT. OF INDIA), UNITED NATION (UNDESA) | AN ISO 9001:2015 CERTIFIED ORGANIZATION
A NON. GOVT. ORGANIZATION WORKING FOR THE PROTECTION & PROMOTION OF HUMAN RIGHTS

**Web: - www.nhrccb.org Email: - nhrccb@gmail.com Helpline: - 9102224365**

# TABLE OF CONTENTS


| Sl.No. | Contents | Page No |
|---|---|---|
| 01. | National President's Message | 3 |
| 02. | About NHRCCB | 4 |
| 03. | Aims and Objective of NHRCCB | 5-7 |
| 04. | Our Team Strength | 8 |
| 05. | Monthly Report Of the Month October, 2025. | 9- 24 |



## माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष का संदेश......

मानवाधिकार मनुष्य के मूलभूत अधिकारों का समावेश है । मानव अधिकार की रक्षा हेतु सामाजिक स्तर पर कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं की भूमिका सराहनीय होती है। भारत में मानवाधिकार के रक्षा एवं प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग , राज्य मानवाधिकार आयोग एवं सैकड़ों की संख्या में ग़ैर सरकारी संगठन कार्यरत हैं । विभिन्न सामूहिक प्रयासों के कारण पिछले एक दशक में मानवाधिकार के प्रति जन जागरूकता एवं संवेदनशीलता आम जन मानस में बढ़ी है ।

इसी कड़ी में वर्ष 2017 से समाज के निचले पायदान पर खड़े आम जनमानस के मानवाधिकार की रक्षा एवं जागरूकता हेतु एनएचआरसीबी बतौर ग़ैर सरकारी संगठन कृत - संकल्पित है । भारत के हज़ारो स्वयसेवकों/सदस्यों एवं पदाधिकारियो के बदौलत एनएचआर सी सी बी एक मजबूत पहचान बना चुकी है । समाज के हज़ारो लाखों वंचितों एवं पीड़ितों की आवाज बन कर उनके अधिकारो की रक्षा हेतु समर्पित है ।

सम्पूर्ण भारत वर्ष में एन एच आर सी सी बी के सदस्यों द्वारा किये जा रहे गतिविधियों की मासिक रिपोर्ट “अक्टूबर माह“ की सॉफ्ट कॉपी प्रकाशित की जा रही है ।

**इस माह माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के द्वारा संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन, हनोई (वियतनाम) में भारत का प्रतिनिधित्व , दिल्ली टीम का माननीय मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात, “पोक्सो अधिनियम एवं बाल सुरक्षा (POCSO Act and Child Safety)” विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन , सम्पूर्ण भारत में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन, विभिन्न हेल्थ कैंप जैसे कई अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियाँ का आयोजन हुई है।**

यह रिपोर्ट संस्था के हज़ारो साथियों को नई ऊर्जा एवं जुनून देने की कार्य करेगी एवं संस्था के प्रति उनके समर्पण की भावना को मजबूत करेगी ।

एनएचआरसीसीबी के समस्त साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।

**(डॉ. रणधीर कुमार )**

# ABOUT NHRCCB

NATIONAL HUMAN RIGHTS AND CRIME CONTROL BUREAU

National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) is a Non-Profit Organization or Voluntary Organization Incorporated under the Legislation Government of India. Registered in 2017 under Indian Trust Act- 1882 Government of India with Reg. No 483/2017. Registered with NITI AAYOG, Government of India, United Nation Department of Economics and Social Affairs, United Nation, 12A & 80G Under Department of Income Tax, Ministry of Finance Government of India and CSR1 Under Ministry Of Corporate Affairs, Government of India.

## PROTECTING HUMAN RIGHTS UNDER

- Human Rights Protection Act 1993
- Universal Deceleration of Human Rights adopted by the United Nations in 1948.
- Protecting Under Human Rights both at individual and Communal Level.
- Protecting Women Rights for curbing the gender inequality across the nation.
- Protection Child Rights and Promoting education for all
- Keeping a check on criminal motivation across the country.
- Helping all the administrative bodies in order to propagate communal harmony.

## NHRCCB REGISTARTION AND AFFILATION

- Registered under the Indian Trust Act 1882 Government of India in 2017.
- Regd. Under NITI Aayog, Government of India (NGO Darpan)
- Regd. Under Ministry of Women and Child Development, Government of India,
- Regd. Under United Nations (UNDESA).
- Regd. under 12A&80G by Income Tax Department, Ministry of Finance Government of India.
- AN ISO 9001:2015 Certified Organisation.

- **PLEDGE CERTIFICATE FROM**

- National Human Rights Commission, Government of India.
- Central Vigilance Commission, Government of India.
- National Commission for Women, Government of India.
- National Commission for Protection of Child Rights, Government of India

- **AIMS & OBJECTIVES OF NHRCCB**

**(NHRCCB WAS ESTABLISHED ON 07 NOVEMBER 2017 WITH THE FOLLOWING AIMS& OBJECTIVES)**

1. According to the Human Rights Protection Act 1993, the Government of India, to work for the promotion and protection of human rights.
2. Organizing various camps, seminars, workshops, conferences etc. for awareness among Citizens about human rights.
3. To cooperate and encourage non-governmental organizations and educational institutions working in the field of human rights.
4. To build and operate educational institutions in the field of human rights.
5. To work together and in cooperation with the government for the protection of Human Rights and crime control.
6. National Human Rights Commission / State Human Rights Commission / National Commission for Women / State Commission for Women / National Commission for Protection of Child Rights / State Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Protection of Child Rights / National Commission for Scheduled Castes /State Scheduled Castes on receipt of complaints on issues like human rights abuses To Provide justice to the victim through the Tribal Commission / Central Government / State Government / District Administration / Police Administration and other constitutional Institutions.
7. To file a petition in the court in human rights violations cases and get justice to the victim Through the court.

8. To work together with the Central Government / State Government and local government - administration for the protection and promotion of human rights.
9. According to the United Nations Human Rights Act 1948, to make citizens aware of human rights and work to protect the rights of citizens.
10. To promote and propagate the fundamental rights (right to equality, right to freedom, Right against exploitation, right to freedom of religion, culture and education, right to Property and constitutional remedies) given by the Indian Constitution and every Indian citizen To work for the attainment of fundamental rights.
11. To organize workshops, seminars, awareness programs on crime control.
12. Governance for Corruption Free India – Working together with the administration to Control corruption.
13. To protect the Child Rights Protection Act and work for prevention of child marriage, child violence, child labour, child trafficking.
14. To work for publicity and awareness of Right to Information (RTI) Act.
15. Getting information through RTI and taking action against the corrupt.
16. Fighting the rights of doctors, lawyers, journalists etc. in a constitutional way by creating Various cells / units.
17. To run awareness campaign related to cyber-crime prevention and to cooperate with the administration for prevention.
18. Governance - To help the administration to curb the misuse of government posts and Government machinery.
19. To work for the rights of the prisoners (prisoners) and to provide them legal aid and Guidance.
20. To cooperate with the police administration regarding crime control and mutual harmony, goodwill and peace.
21. Public Grievance Redressal Centre, Crime and Corruption Investigation, Crime Investigation and Research Service, Security and Intelligence Service, Media Information, Education and Law, Civil Defence, Journalism and Journalist Defence, Right to

Information,Human Rights, Child Rights, Detective Services Setting up and providing security.

22. To promote various schemes run by the government and to benefit the citizens.
23. To cooperate and work together in various programs by the units of the district / state /Centre.
24. To settle the cases by organizing Lok Adalats after permission from time to time.
25. To make women aware of women's rights and work for their participation in the system.
26. To make women aware and work to curb women violence.
27. Governance for women's rights and women's safety - Working together with the Administration.
28. To honor the outstanding talents of the society from time to time and provide them Platforms.
29. Helping the administration by running an awareness campaign for serious issues like Human trafficking.
30. To run an awareness campaign to curb discrimination on the basis of caste, class, Community, race, sex, color.
31. To organize awareness camps on evil practices like dowry bonded labor etc. and work to stop such incidents through the concerned government institutions and courts.
32. Organizing camps like medical camps, blood donation camps, eye camps etc.
33. After receiving the complaint, after the permission of the government institutions, to take the problems of the citizens to the administration and make efforts to solve the problem.
34. Establishment and operation of Old Age Home, Health Centre, Nari Shakti Kendra, Child Improvement Centre, Hospital.
35. Etc

## OUR STRENGTH

- 70+ NATIONAL TEAM OFFICER
- 500+ STATE TEAM OFFICER
- 400+ DIVISION TEAM OFFICER
- 3500+ DIST TEAM OFFICER
- 4500+ BLOCK TEAM OFFICER
- 10000+ ACTIVE MEMBER
- 15000+ VOLUNTEER

# Monthly Activity Report for October, 2025

**Date: 04.10.2025**



वियतनाम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ रणधीर कुमार

जमुआ के नईटांड निवासी डॉ. रणधीर कुमार शुक्रवार को वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे, जहां 3 से 6 अक्टूबर तक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस वैश्विक सम्मेलन में यूनिसेफ, यूनिस्को, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन, यूनाइटेड नेशन वीमेन, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। इसमें विश्वभर के सैकड़ों प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, मानवाधिकार और अन्य वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। डॉ. कुमार यूनाइटेड नेशंस एजुकेशन, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (यूनेस्को)

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (**NHRCCB**), 03-05 अक्टूबर तक संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन, हनोई (वियतनाम) में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। यह हमारे ब्यूरो ही नहीं, पूरे भारत के लिए गर्व का अवसर है कि मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में आपकी दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता को अंतरराष्ट्रीय मंच पर मान्यता मिल रही है। हम सबकी शुभकामनाएँ आपके साथ हैं, माननीय अध्यक्ष जी। आपका यह योगदान भारत की आवाज़ को और बुलंद करेगा और देशभर के समस्त NHRCCB सदस्यों एवं पदाधिकारियों के मनोबल को बढ़ाएगा। : समस्त एन एच आर सी सी बी टीम।



वियतनाम में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे डॉ रणधीर कुमार

जमुआ के नईटांड निवासी डॉ. रणधीर कुमार शुक्रवार को वियतनाम की राजधानी हनोई पहुंचे, जहां 3 से 6 अक्टूबर तक संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस वैश्विक सम्मेलन में यूनिसेफ, यूनिस्को, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन, यूनाइटेड नेशन वीमेन, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। इसमें विश्वभर के सैकड़ों प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति, मानवाधिकार और अन्य वैश्विक मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। डॉ. कुमार यूनाइटेड नेशंस एजुकेशन, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (यूनेस्को) की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस दौरान वे भारतीय शिक्षा, ज्ञान परंपरा, आदिवासी संस्कृति और कला की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालेंगे तथा "शिक्षा और भारतीय परंपरा के संरक्षण में यूनेस्को की भूमिका" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।



Dr. Randhir Kumar to Represent India at UN Conference in Vietnam

Prime Day ⏭ Champa, Jamua

Dr. Randhir Kumar, a resident of Naitand in Jamua, arrived in Hanoi, Vietnam, on Friday to participate in the United Nations Conference being held from October 3 to 6. The global event is supported by international organizations including UNICEF, UNESCO, World Health Organization, UN Women, and the World Food Program.

Hundreds of representatives from around the world will discuss issues related to education, health, culture, human rights, and other global concerns. Dr. Kumar will represent India on behalf of the United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO).

During the conference, he will highlight Indian education, knowledge traditions, tribal culture, and art. He is also set to present a research paper on the topic, UNESCO's Role in Education and Preservation of Indian Traditions.

**Date: 08.10.2025**



# राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ ने उठाई विभिन्न मांगे

अंबाला हलचल

अंबाला। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ ने सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन 8जुलाई 2025 के द्वारा जारी हिदायतों अनुसार वृद्धावस्था सम्मान भत्ता उन पात्र व्यक्तियो को भी दिया जाना है जो सरकार के स्वायत्त ,निगमों, आदि से सेवानिवृत हो चुके है जिनकी पेंशन /लाभ 3000रुपए से कम है । सरकार की वर्णित अधिसूचना अनुसार जो 3000से कम प्राप्त कर रहे है उन्हें शेष राशि सरकार की और से शामिल करके वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के अनुसार दी जानी थी लेकिन सरकार की हिदायतों अनुसार यह भत्ता नहीं दिया गया। इस बारे सरकार को सूचना के अधिकार 2005 के तहत यह सम्मान भत्ता प्रदान न करने सूचना मांगी है यह सूचना विभाग से जून 2025 में मांगी थी जो सही सूचना प्राप्त होने पर प्रथम अपील के माध्यम में अनुरोध किया गया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवम अपराध नियंत्रण ब्यूरो हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ ने सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन 8जुलाई 2025 के द्वारा जारी हिदायतों अनुसार वृद्धावस्था सम्मान भत्ता उन पात्र व्यक्तियो को भी दिया जाना है जो सरकार के स्वायत्त ,निगमों, आदि से सेवानिवृत हो चुके है जिनकी पेंशन /लाभ 3000रुपए से कम है । सरकार की वर्णित अधिसूचना अनुसार जो 3000से कम प्राप्त कर रहे है उन्हें शेष राशि सरकार की और से शामिल करके वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के अनुसार दी जानी थी लेकिन सरकार की हिदायतों अनुसार यह भत्ता नहीं दिया गया। इस बारे सरकार को सूचना के अधिकार 2005 के तहत यह सम्मान भत्ता प्रदान न करने सूचना मांगी है यह सूचना विभाग से जून 2025 में मांगी थी जो सही सूचना प्राप्त होने पर प्रथम अपील के माध्यम में अनुरोध किया गया है।

**Date: 09.10.2025**



yadarpan516@gmail.com | कोडरमा/गिरिडीह | हजारीबाग, बुध

# डॉ. रणधीर कुमार ने यूनेस्को सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया

संध्या दर्पण /संवाददाता

गिरिडीह: जमुआ प्रखंड के नईटांड निवासी डॉ. रणधीर कुमार ने 3 से 5 अक्टूबर 2025 तक वियतनाम के हनोई में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यह सम्मेलन यूनाइटेड नेशन्स हाई कमिश्नर ऑफ रिफ्यूजी, ऑस्ट्रेलियन, आयरलैंड और वियतनाम एंबेसी के तत्वाधान में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 60 देशों के 150 प्रतिनिधि शामिल हुए। इस सम्मेलन में वियतनाम में तैनात आठ राजदूतों और काउंसलरों ने भी भाग लिया और विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। डॉ. रणधीर कुमार ने यूनेस्को एजुकेशन, साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन (यूनिस्को) के प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। यूनेस्को परिषद में भारत समेत 23 देशों के प्रतिनिधियों ने शिक्षा, डिजिटल शिक्षा, परंपरागत शिक्षा और शिक्षा में बदलाव के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. रणधीर ने भारतीय ज्ञान प्रणाली, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, ग्रामीण इलाकों में डिजिटल शिक्षा के प्रयासों और शिक्षा में आमूल-चूल परिवर्तन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। साथ ही उन्होंने वैश्विक मानवाधिकार हनन की बढ़ती समस्या पर संयुक्त राष्ट्र से कड़ा कदम उठाने का आग्रह किया। डॉ. रणधीर ने सम्मेलन में आदिवासी विरासत, संस्कृति, प्राचीन शिक्षा पद्धति और भारत की कई ऐतिहासिक विरासतों के पुनरुत्थान की भी अपील की। उन्होंने अशोक, मगध, मौर्य और शिवाजी महाराज जैसी महान विरासतों को संरक्षित कर भारतीय पहचान को मजबूत करने पर जोर दिया। डॉ. रणधीर कुमार बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं। वे नईटांड, गिरिडीह के निवासी, पूर्व प्रधानाध्यापक, और शिक्षाविद हैं। उन्होंने अंग्रेजी साहित्य में पीएचडी की है और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईएम रांची, लंदन स्कूल ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार हासिल किए हैं। डॉ. रणधीर ने आठ पुस्तकें लिखी हैं, अनेक पत्रिकाओं का संपादन किया है और 100 से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए हैं। वर्तमान में वे कई शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं के संस्थापक और सलाहकार हैं। बतौर चेयरमैन एनएचआरसीसीबी, वे भारत में मानवाधिकारों की रक्षा हेतु उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर डॉ. रणधीर ने अपने दादा-दादी, माता-पिता, गुरुजनों, और परिवार के सदस्यों को धन्यवाद दिया।

गिरिडीह के डॉ. रणधीर का वियतनाम में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में सराहनीय योगदान

**Date: 10.10.2025**



## मामले के निराकरण में सहयोग किया एनएचआरसीसीबी छत्तीसगढ़ टीम ने

**जांजगीर-चाम्पा ( मूलमंत्र )।**

मामले के निवारण में सहयोग हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम के जांजगीर चाम्पा पहरिया से टीम के उदय पटेल द्वारा प्राप्त एक मामले के निराकरण हेतु प्रदेश कार्यालय आवेदकों को भेजा गया जहां उनके आवेदन पर उनके मामले को सुना गया जिसमें मामला बेवजह परेशान करने गाली देने हथियार से धमकाने बाँधकर मरने पूरे परिवार को तंग करने जमीन पर कब्जा करने की धमकी देने की कई बाते थी।

मामला आपराधिक प्रवित्ति का देखते उस मामले के निराकरण हेतु पूरी प्रक्रिया बनाते निराकरण के सहयोग हेतु प्रदेश अध्यक्ष महोदय ने संभागीय कानूनी सलाहकार श्रीमती विद्या राठौर अधिवक्ता उन्हें इस मामले के लिए पूरी जानकारी पूरे गवाही के साथ शामिल करते आवेदन तैयार करते प्रक्रिया करने कहाँ गया और पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रक्रिया करने कहा। आवेदक कानूनी सलाहकार के पास पहुच सारे दस्तावेज बनाते पुलिस अधीक्षक महोदय से मुलाकात कराकर समस्त जानकारी देते ग्रामीणों के साक्ष्य सुनकर उनके समस्त परेशानी और मामले का निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्यवाही करते उनके समस्या के निराकरण की बात की जिससे आवेदक परेशानी से मुक्त होने की उम्मीद से राहत पाते दिखे ।

1/1



## एन एम एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ टीम मामले के निराकरण में किया सहयोग

**जांजगीर-चांपा (अजय उजाला)।** मामले के निवारण में सहयोग हेतु राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम के जांजगीर चांपा पहरिया से टीम के उदय पटेल द्वारा प्राप्त एक मामले के निराकरण हेतु प्रदेश कार्यालय आवेदकों को भेजा गया जहां उनके आवेदन पर उनके मामले को सुना गया जिसमें मामाला बेवजह परेशान करने गाली देनें हथियार से धमकाने बाँधकर मरने पूरे परिवार को तंग करने जमीन पर कब्जा करने की धमकी देने की कई बाते थी। मामाला आपराधिक प्रविति का देखते उस मामले के निराकरण हेतु पूरी प्रक्रिया बनाते निराकरण के सहयोग हेतु प्रदेश अध्यक्ष ने संभागीय कानूनी सलाहकार विद्या राठौर अधिवक्ता उन्हें इस मामले के लिए पूरी जानकारी पूरे गवाही के साथ शामिल करते आवेदन तैयार करते प्रक्रिया करने कहाँ गया और पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर प्रक्रिया करने कहा। आवेदक कानूनी सलाहकार के पास पहुच सारे दस्तावेज बनाते पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कराकर समस्त जानकारी देते ग्रामीणों के साक्ष्य सुनकर उनके समस्त परेशानी और मामले का निराकरण हेतु पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्यवाही करते उनके समस्या के निराकरण की बात की। जिससे आवेदक परेशानी से मुक्त होने की उम्मीद से राहत पाते दिखे।

**Date: 13.10.2025**




प्रदेश कार्यालय के मार्गदर्शन अनुसार दिनांक 12/10/25 को बस्तर संभाग की संभागीय बैठक जगदलपुर में किया गया। बैठक में जगमोहन सोनी संभागीय अध्यक्ष, प्रेमदास मानिकपुरी जी संभागीय उपाध्यक्ष,योगेंद्र कश्यप जी संभागीय महासचिव उपस्थित रहे। बैठक में चर्चा का विषय: 1.संभागीय टीम का विस्तार करना 2.जिला टीम का विस्तार करना 3.पूर्व सक्रिय कार्यकर्ता एवं अन्य सदस्यो की नवीनीकरण तथा अनुशंसा 4.आगामी जागरूकता कार्यक्रम अन्य महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा अगली बैठक के निर्णय के साथ बैठक का समापन किया गया।

**Date: 16.10.2025**

विश्व दृष्टि दिवस 2025 पर अम्बाला के वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवला में नेत्र जागरूकता शिविर का आयोजन अम्बाला, 14 अक्टूबर 2025। विश्व दृष्टि दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (पंजी.483/2017) के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ कश्यप के नेतृत्व में एक विशेष नेत्र जागरूकता शिविर का आयोजन सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कांवला (अम्बाला) में किया गया। इस अवसर पर संजीवनी आई एंड मेडिकल केयर सेंटर, अम्बाला के प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डा. ओ.पी. आर्य मुख्य



चिकित्सक के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. आर्य ने विद्यालय के लगभग 165 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की आंखों की जांच की तथा उन्हें दृष्टि संबंधी समस्याओं और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया। डा. आर्य ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि, "मोबाइल का अत्यधिक प्रयोग बच्चों की आंखों पर गहरा प्रभाव डालता है। नियमित रूप से आंखों को आराम देना, पौष्टिक आहार लेना और स्क्रीन टाइम को सीमित रखना अत्यंत आवश्यक है।" शिविर की विशेष झलकियाँ कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अनुपिका रंधावा ने उपस्थित रहकर सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि, "इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनके भविष्य को सुरक्षित बनाते हैं।" कार्यक्रम में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के हरियाणा प्रदेश उपाध्यक्ष अमर नाथ ,कश्मीरी लाल मण्डल अध्यक्ष, योगेश शर्मा, पूजा कपूर सहित कई सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शिविर में जिन विद्यार्थियों की दृष्टि कमजोर पाई गई, उनमें से 10 विद्यार्थियों को समिति की ओर से निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए और आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित की गईं। अमरनाथ कश्यप ने बताया कि, "ब्यूरो वर्षों से मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ समाजहित में स्वास्थ्य एवं जनसेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। यह प्रयास समाज के प्रत्येक वर्ग तक स्वास्थ्य

और मानवाधिकार दोनों की समझ पहुंचाने की दिशा में एक छोटा परंतु महत्वपूर्ण कदम है। सम्मान एवं समापन अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन को सम्मानित किया गया। अमरनाथ कश्यप ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, “हमारा उद्देश्य केवल आंखों की जांच करना नहीं, बल्कि बच्चों में दृष्टि और दृष्टिकोण दोनों को स्वस्थ बनाना है।” कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

**Date: 17.10.2025**



नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के प्रदेश अध्यक्ष, दिल्ली, श्री अभिरंजन कुमार एवं प्रदेश महासचिव, दिल्ली, श्री शेर सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता से मुलाकात कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी एवं एन एच आर सी सी बी के द्वारा मानवाधिकार के क्षेत्र में किए जा यह उत्कृष्ट कार्यो से अवगत कराया साथ ही मानवधिकार की रक्षा एवं प्रचार प्रसार के प्रति किए जा रहे कार्यों हेतु सहयोग की अपील किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता जी को नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड क्राइम कंट्रोल ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार की लिखित पुस्तक "मानवाधिकार एक परिचय" भेंट किया एवं ह्यूमन राइट्स के क्रियाकलाप से अवगत कराया।

**Date: 18.10.2025**

NHRCCB छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश सलाहकार स. अमोलक सिंह जी के मार्गदर्शन में



जिला जांजगीर-चाम्पा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सोनी एवं टीम के सदस्यों श्री घनश्याम कुमार, संतोषी पाढ़ी जी, श्री निरंजन स्वर्णकार, नगर पालिका उपाध्यक्ष स. अमरजीत सिंह, स्कूल के प्राचार्य महोदय, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में "मैं मानवाधिकार के अधिकारों के प्रति जागरूक हूं" विषय पर आयोजित लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**Date: 21.10.2025**



राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो टीम छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में शासकीय बरपाली स्कूल चांपा में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में डॉ. जतिंद्रपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार 17 अक्टूबर 2025 को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रदेश सलाहकार आदरणीय श्री अमोलक सिंह ने उद्बोधन किया। राष्ट्रीय मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सोनी ने राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के उद्देश्य और मानव से संबंधित

अपराधों के बारे में जानकारी दी। साथ ही संस्था के कार्यों की जानकारी भी दी गई। सुश्री संतोष पाढ़ी ने शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के विकास और कैरियर मार्गदर्शन पर चर्चा की। घनश्याम देवांगन और नारायण स्वर्णकार ने आशीर्वचन दिए। इसके बाद, मानवाधिकार और अपराध नियंत्रण पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए सुश्री किरण यादव, सृष्टि यादव और अनुप्रिया गुप्ता को "शिक्षा रत्न" अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। लेखन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों में गौरी तिवारी (प्रथम), प्रियंका यादव (द्वितीय) और नितेश देवांगन (तृतीय) ने स्कूल का नाम रोशन किया। कुछ छात्रों को सांत्वना सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ प्रदेश सलाहकार आदरणीय श्री अमोलक सिंह, नगरपालिका उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर, जांजगीर-चाम्पा जिलाध्यक्ष रमेश कुमार सोनी और सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

**Date: 22.10.2025**




Ambala, Haryana NHRCCB Haryana Mandal Team Ambala paid tribute to martyrs on Police Memorial Day Ambala – National Human Rights and Crime Control Bureau (NHRCCB) Haryana Mandal Team Ambala on the occasion of Police Memorial Day at Martyr Memorial located at Ambala District Police Line Salute to the brave martyrs by paying tribute. On this occasion, State Vice President Amarnath Kashyap, Ambala Mandal President Kashmiri Lal, Executive President of District Ambala Dr. Sandeep Bhardwaj, District Joint Secretary Dr. Sanjay Chaudhary and active member of Mahila Shakti Pooja Kapoor (wife Harshit) were present. Everyone paid tribute to the brave policemen who sacrificed their service to the country by offering flowers on the Martyr's memorial. State Vice President

Amarnath Kashyap said - > "It is our duty to always remember the sacrifice of the martyrs. We must handle our responsibilities with true loyalty, bravery and dedication — even if it doesn't have to sacrifice our lives. "Every year on October 21, Police Memorial Day is celebrated across the country in memory of policemen who have sacrificed the supreme on their path of duty." At the end of the program, all the members expressed their heartfelt tribute to the martyred police personnel by keeping two minutes silence.

**Date: 23.10.2025**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो की जिला करनाल टीम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रणधीर कुमार के निर्देश पर पुलिस लाइंस करनाल के शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वीर जांबाज पुलिस अधिकारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को उत्तर पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग इलाके में अपने प्राणों की आहुति देकर वीरगति प्राप्त की थी। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के जिला अध्यक्ष रमेश कुमार, सदस्य श्री राम प्रकाश शर्मा, श्री सुरेश कुमार गिल, श्री राजिंदर कुमार, सचिव दीपक सिरोही, उप निरीक्षक श्री बलवान सिंह और उप निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मौजूद रहे। इस श्रद्धांजलि समारोह में उपस्थित लोगों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया।



**Date: 24.10.2025**


खबर जरा हटकर


# अंबाला हलचल 4

## सूचना का अधिकार अधिनियम 2005के तहत एक साल बाद भी नहीं मिली सूचना

अंबाला हलचल

**अंबाला।** सूचना का अधिकार अधिनियम 2005के तहत एक साल से अधिक समय बाद भी स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई सूचना । सूचना आयुक्त हरियाणा ने सूचना प्रदान करने के किए आदेश राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ ने अपने पत्र दिनांक 28अगस्त 2024 को स्वास्थ्य विभाग हरियाणा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005के तहत सूचना मांगी थी लेकिन स्वास्थ्य विभाग ने एक साल का समय व्यतीत होने पर भी प्रार्थी को सूचना प्रदान नहीं की फिर भी विभाग को प्रथम अपील दायर करने पर भी सूचना नहीं दी गई और न ही सुनवाई की गई। इस पर प्रार्थी द्वारा सूचना आयुक्त हरियाणा को अपील करके सूचना प्रदान करवाने का अनुरोध किया गया। इस पर सूचना आयुक्त हरियाणा ने मामले पर संज्ञान लेकर स्वास्थ्य विभाग के प्रथम अपील प्राधिकारी कम सयुक्त निदेशक को निर्देश देकर आदेश पारित किए की प्रार्थी द्वारा मांगी सूचना उपलब्ध करवाए।





**Date: 24.10.2025**

**जांजगीर चाम्पा ( महाकोशल )।** आज हम सुरक्षित है अपने घरों में आराम से चैन की नींद सोते हैं क्योंकि हमारे पुलिस जवान दिन रात लगे रहते हैं । दिन हो या रात हो धूप हो या बरसात या हो कोई त्यौहार उसके बावजूद अपने ड्यूटी में तैनात इस ध्यान में की कहीं कोई अपराधी या कोई वारदात न हो और अपने ड्यूटी में लगे चौकन्ने रहते है। इन वारदात में और भिड़त में कई पुलिस जवान शहीद हुए क्योंकि उन्हें सभी की सुरक्षा का ध्यान रहता है और इन्ही के वज़ह से हम अपने आप को सुरक्षित महसूस करते हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धापूर्वक नमन अर्पित किया गया। एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ जतिन्दरपाल सिंह ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस पर छत्तीसगढ़ टीम द्वारा पुलिस विभाग के कार्यालय में जाकर उन्हें एक स्मृति चिन्ह भेट करते आए हैं प्रयास किया जाता है कि हर विभाग में जाकर यह स्मृति चिन्ह भेट कर सके। इस वर्ष दीपावली के अवसर पर यह दिवस होने यह गतिविधि पूर्ण नहीं हो सकीं इस कारण समस्त टीम को इन दिनों में यह गतिविधि पूरी करने कहा गया और कहा गया प्रयास करे छत्तीसगढ़ के ज्यादा से ज्यादा पुलिस विभाग कार्यालय में जाकर यह सम्मान श्रद्धापूर्वक भेट करें । पुलिस स्मृति दिवस पर यह पंक्ति स्मृति चिन्ह पर अंकित है

मैं खाकी हूं......

दिन हूं रात हूं, सांझ वाली बाती हूं, मैं खाकी हूं।

आंधी में, तूफान में, होली में, रमजान में, देश के सम्मान में, अडिग कर्तव्यों की, अविचल परिपाटी हूं, मैं खाकी हूं...

तैयार हूं मैं हमेशा ही, तेज धूप और बारिश, हस के सह जाने को,

## Date: 25.10.2025

एनएचआरसीसीबी जमशेदपुर टीम ने ट्रैफिक कर्मियों से मुलाकात कर , ट्रैफिक की वस्तु स्थिति से अवगत हुए।




## Date: 25.10.2025



छत्तीसगढ़

रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर, 2

# पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम चाम्पा

जांजगीर -चांपा । जिला के अंतर्गत पुलिस स्मृति दिवस को यादगार बनाने के लिए देश भर में शहीद पुलिस कर्मियों को पुलिस स्मारक में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया जाता है । इस अवसर पर

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो टीम छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डा.जतिंदरपाल सिंह के आदेशानुसार जिला जांजगीर चाम्पा जिला अध्यक्ष श्री रमेश कुमार सोनी एवं टीम द्वारा आज दिनांक 24/10/2025 दिन शुक्रवार

को संध्या 06=30 बजे आरक्षी केंद्र चांपा में पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में .......

मै खाकी हूं का फोटो फ्रेमिंग पुलिस विभाग कार्यालय में पदस्थ श्रीमान जयप्रकाश साहू (नगर निरीक्षक चांपा ) सर को स्मृति चिन्ह एवं ब्यूरो डायरी व पेन देकर

यह सम्मान श्रद्धापूर्वक प्रदान किया गया एवं साथ ही जनता की सेवा में कार्य करते हुए जो पुलिसकर्मी शहीद हुए उनकी याद में दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

जांजगीर चाम्पा नगर में आज हम सुरक्षित है अपने घरों में आराम से चैन की नींद सोते है क्योंकि हमारे पुलिस जवान दिन रात सेवा में लगे रहते हैं दिन हो या रात हो धूप हो या बरसात या हो कोई त्यौहार उसके बावजूद अपने ड्यूटी में तैनात रहते है इस ध्यान में की कहीं कोई अपराधी या कोई वारदात घटित न हो और अपने ड्यूटी में चौकसे रहते है। इन वारदात में और भिड़त में कई पुलिस जवान शहीद हुए क्योंकि उन्हें सभी की सुरक्षा का ध्यान रहता है और इन्हीं पुलिस कर्मियों के वजह से हम अपने आप को सुरक्षित महसूस करते है। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो छत्तीसगढ़ टीम द्वारा पुलिस थाना चौक शहीद स्मारक में स्मृति दिवस पर श्रद्धापूर्वक दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। एन एच आर सी सी बी छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयुक्त सचिव डॉ जतिन्दरपाल सिंह के आदेशानुसार पुलिस स्मृति दिवस पर छत्तीसगढ़ टीम के द्वारा .....

**मैं खाकी हूं.....**

दिन हूं रात हूं, सांझ वाली बाती हूं, मैं खाकी हूं।

आंधी में, तूफान में, होली में, रमजान में, देश के सम्मान में, अडिग कर्तव्यों की, अविचल परिपाटी हूं, मैं खाकी हूं..

तैयार हूं मैं हमेशा ही, तेज धूप और बारिश, हस के सह जाने को, सारे त्योहार सड़कों पे, भीड़ के साथ मनाने को,पत्थर और गोली भी खाने को,मैं बनी एक दूजी माटी हूं, मै खाकी हू

मुस्काती हूं, इठलाती हूं, वर्दी का गौरव पाती हूं, मैं खाकी हूं तम में प्रकाश हूं, कठिन वक्त में आस हूं, हर वक्त मैं तुम्हारे पास हूं, पानाओ, मैं दौड़ी चली आती हैं, मैं खाकी हूं..

विघ्न विकट सब सह कर भी, सुशोभित सज्जित भाती हूं। भूख और थकान की वो बात ही क्या, कभी आहत हूं, कभी बोझिल हूं,

और कभी तिरंगे में लिपटी, गोली से सिसकती छाती हूं, मैं खाकी हूं शब्द कह पाया कुछ ही, आत्मकथा में बाकी है, मै खाकी हूं.

इस अवसर पर हमारे प्रदेश वरिष्ठ पदाधिकारी प्रदेश सलाहकार श्रीमान अमोलक सिंह प्रदेश महिला सलाहकार सुश्री संतोष पाढ़ी एक्टिव सदस्य नारायण स्वर्णकार एवं घनश्याम देवांगन जी उपस्थित रहे ।

**Date: 25.10.2025**

पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि और सम्मान रायपुर, छत्तीसगढ़, 24 अक्टूबर 2025 - राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर निरीक्षक चांपा, श्री जयप्रकाश गुप्ता जी को स्मृति चिन्ह, डायरी और पेन देकर म्मानित किया गया।




श्रद्धांजलि सभा पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आरक्षी केंद्र चांपा में शहीद पुलिस कर्मियों को दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सम्मान समारोह नगर निरीक्षक चांपा, श्री जयप्रकाश गुप्ता जी को स्मृति चिन्ह, डायरी और पेन देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट सेवा और समर्पण के लिए दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी कार्यक्रम में वरिष्ठ पदाधिकारी श्री अमोलक सिंह, जिलाध्यक्ष श्री रमेश कुमार सोनी, महिला सलाहकार सुश्री संतोष पाढ़ी, और सक्रिय सदस्य नारायण स्वर्णकार और घनश्याम देवांगन उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो, छत्तीसगढ़ टीम के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंद्रपाल सिंह के आदेशानुसार किया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मियों के शौर्य और बलिदान को याद करते हुए "मैं खाकी हूं" कविता का पाठ किया गया।

**Date: 26.10.2025**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) राष्ट्रीय वेबिनार : "POCSO Act and Child Safety" दिनांक: 25 अक्टूबर 2025 (शनिवार) समय: रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक स्थान / Location: नई दिल्ली, माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रणधीर कुमार के निर्देशानुसार "पोक्सो अधिनियम एवं बाल सुरक्षा (POCSO Act and Child Safety)" विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का सफल आयोजन हुआ। इस वेबिनार का संचालन राष्ट्रीय कॉर्डिनेटर श्री प्रभात मिश्र द्वारा किया गया। वेबिनार के मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनोद कुमार चंदक (रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायाधीश), विशिष्ट अतिथि के रूप में देवी प्रसाद साहू (प्रदेश अध्यक्ष ओडिशा) उपस्थित रहे।इस वेबिनार में देशभर से ब्यूरो के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। वेबिनार के प्रारंभ में देवी प्रसाद साहू ने कहा कि ब्यूरो का उद्देश्य केवल शिकायतें दर्ज करना नहीं, बल्कि समाज में मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना करना है।उन्होंने कहा कि —जब तक हम बच्चों को सुरक्षित वातावरण नहीं देंगे, मानवाधिकारों की रक्षा अधूरी रहेगी।"उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में "बाल सुरक्षा जागरूकता शिविर" नियमित रूप से आयोजित करें। मुख्य वक्ता श्री विनोद कुमार चंदक ने पोक्सो अधिनियम के कानूनी प्रावधानों, बाल यौन शोषण की परिभाषा, और बच्चों की सुरक्षा हेतु आवश्यक संवैधानिक उपायों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम केवल अपराधियों को दंडित करने का माध्यम नहीं बल्कि समाज में जागरूकता लाने और बच्चों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बाल अधिकारों की रक्षा हेतु निरंतर



जनजागररण अभियान चलाएँ। साथ ही कहा कि —"बच्चों की सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि मानवीय जिम्मेदारी है।"उन्होंने उपस्थित सभी NHRCCB पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक विद्यालय, संस्था और समुदाय में जाकर बाल सुरक्षा पर संवाद स्थापित करें।उन्होंने ब्यूरो द्वारा किए जा रहे जनजागरूकता अभियानों की सराहना करते हुए इसे सामाजिक क्रांति का रूप देने का आह्वान किया और यथा संभव कानूनी सुझाव प्रदान करने का आश्वासन दिया राष्ट्रीय समन्वयक ने सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा —"हर सदस्य का कर्तव्य है कि वह अपने क्षेत्र में प्रत्येक महीने कम से कम एक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करे।" उन्होंने कहा कि मिलजुल कर ही एक सुरक्षित और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। प्रश्नोत्तर सत्र एवं समापन वेबिनार का समापन प्रेरक प्रश्नोत्तर सत्र के साथ हुआ, जिसमें प्रतिभागियों ने पोक्सो अधिनियम, बाल सुरक्षा और मानवाधिकार संरक्षण से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे।विशेषज्ञों ने सभी प्रश्नों का संतोषजनक उत्तर देकर प्रतिभागियों को प्रेरित किया। अंत में, राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर श्री प्रभात मिश्र ने सभी वक्ताओं, सदस्यों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया और वेबिनार का औपचारिक समापन किया। एनएचआरसीसीबी के बारे में / About NHRCCB राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो (NHRCCB) एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जो मानवाधिकारों की रक्षा, अपराधों की रोकथाम और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है। संगठन का उद्देश्य लोगों में कानूनी जागरूकता पैदा करना, न्याय की पहुंच आसान बनाना और समाज में पारदर्शिता एवं नैतिकता को बढ़ावा देना है।

**Date: 26.10.2025**

बस्तर पुलिस अधिकारियों को उनके समर्पित सेवा के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने पुलिस स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.रणधीर कुमार एवं छत्तीसगढ राज्य के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जतिंद्रपाल सिंह जी के मार्गदर्शन में पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर निरंतर संपूर्ण भारत देश एवं प्रदेश स्तर पर पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया गया साथ ही उन्हें पुलिस स्मृति दिवस के सम्मान में मानवधिकार के पदाधिकारियों के द्वारा उनके महत्वपूर्ण सेवा के लिए सम्मानित किया गया इसी कड़ी में बस्तर संभाग के पदाधिकारियों के द्वारा पुनःकार्यक्रम आयोजित कर बस्तर जिले के बोधघाट सहायक थाना प्रभारी श्री नेगी सर (उप निरीक्षक)एवं परपा थाना प्रभारी श्री मोहम्मद तारिक (निरीक्षक)को उनके सराहनीय पोलिसिंग कार्यशैली को देखते हुए उन्हें सम्मानित किया गया एवं पुलिस स्मृति चिन्ह भेंट किया गया कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष श्री जगमोहन सोनी जी, उपाध्यक्ष श्री प्रेम दास मानिकपुरी जी, महासचिव श्री योगेंद्र कश्यप एवं जिला अध्यक्ष श्री धीरेन्द्र पटनायक जी एवं अन्य पदाधिकारी ।





**Date: 29.10.2025**

Team of NHRCCB Khaniyandhana celebrated Police Bravery Day.



National Human Rights Crime Control Bureau Khaniyandhana's team celebrated Police Shaurya Day by visiting Nagar Police Station with the inspiration of National President ji and celebrated Diwali festival with all the staff. On this occasion, the team of block and state president acting Abhinav Saxena ji were present.

**Thank you**